

# भालू की बस



भालू शहर में घूमने निकला। उसने सड़क पर बस चलती देखी। उसका मन बस चलाने का हुआ। उसे रास्ते में एक बस खड़ी मिली। भालू बस में बैठा और उसे चलाने लगा। बस वाला चिल्लाया, "मेरी बस!" बस वाला उसके पीछे भागा। सड़क पर लाल बत्ती हो गई थी, लेकिन भालू बस चलाता ही रहा। पुलिस वाले ने भी बस को रोकना चाहा, पर भालू ने बस नहीं रोकी।



अब भालू की बस आगे-आगे, सब उसके पीछे-पीछे। भालू को मज़ा आ रहा था। भालू ने बस की रफ़्तार बढ़ा दी। बस वाला और तेज़ भागा। भालू को और मज़ा आया। बस का डीजल खत्म हो गया और बस रूक गई। बस वाले और पुलिस वाले ने भालू को देखा और वे डर गए। अब सब आगे-आगे और भालू उनके पीछे-पीछे।

LLF Language and Learning foundation

शिक्षा का अधिकार
सब पढ़ें सब बढ़ें

HSSPP

Designed by www.stelladesignandprint.com